**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या- *50**
**उत्तर देने की तारीख 20 नवम्बर, 2019**
**भारतनेट परियोजना**

*50. श्री रामदास तडसः, श्री संगम लाल गुप्ताः

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) भारतनेट परियोजना की मौजूदा स्थिति क्या है;

(ख) क्या सभी राज्यों की समस्त ग्राम पंचायतों और डाकघरों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ दिया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो उन ग्राम पंचायतों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है जिन्हें ऑप्टिकल फाइबर से अब तक नहीं जोड़ा गया है;

(घ) इसके अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि आवंटित/उपयोग की गई है; और

(ङ) शेष क्षेत्रों को ऑप्टिकल फाइबर से कब तक जोड़े जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रविशंकर प्रसाद)**

(क) से (ङ) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

जारी........2

**'भारतनेट परियोजना' के बारे में लोक सभा के दिनांक 20 नवम्बर, 2019 के तारांकित प्रश्न सं. *50 के भाग (क) से (ङ) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण।**

(क) और (ख) भारतनेट परियोजना को देश भर में लगभग सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 07.11.2019 की स्थिति के अनुसार 3,80,988 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाकर कुल 1,40,668 ग्राम पंचायतों को कनेक्टिविटी प्रदान की जा चुकी है जिनमें से 1,27,393 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार कर दिया गया है। इसके अलावा 983 ग्राम पंचायतों को उपग्रह मीडिया (सेटलाइट मीडिया) के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। भारतनेट परियोजना के हिस्से के रूप में वाई-फाई अथवा किसी अन्य उपयुक्त ब्राण्डबैण्ड अभिगम प्रौद्योगिकी के जरिए अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने पर होने वाले खर्च का वित्त-पोषण सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) से किया जाता है और इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत को दो वाई-फाई अभिगम केन्द्र (हॉट-स्पॉट) उपलब्ध कराए जाते हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार 44,786 ग्राम पंचायतों में वाई-फाई हॉट-स्पॉट स्थापित किए गए हैं। ग्रामीण डाकघरों को कनेक्टिविटी को भारतनेट स्कीम में कवर किया जाता है। तथापि 32 डाकघर भारत संचार निगम लिमिटेड के माध्यम से भारतनेट कनेक्टिविटी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

(ग) ऑप्टिकल फाइबर से अब तक कनेक्टिविटी प्रदान न की गई ग्राम पंचायतों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

(घ) परियोजना के लिए निधि का आवंटन समग्र रूप से किया जाता है और यह राज्य/संघ राज्य-वार नहीं किया जाता है। भारतनेट परियोजना को पूरा करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि से एकमुश्त 20889 करोड़ की राशि भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड को आवंटित एवं संवितरित की गई है। भारतनेट परियोजना के तहत निधियों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संवितरण/उपयोग को **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ङ) भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन चल रहा है और मार्च 2020 तक कुल 2 लाख ग्राम पंचायतों को कनेक्टिविटी प्रदान किए जाने का लक्ष्य है।

जारी.....3

<u>अनुबंध-I</u>

**'भारतनेट परियोजना' के बारे में लोक सभा के दिनांक 20 नवम्बर, 2019 के तारांकित प्रश्न सं. *50 के भाग (ग) के संबंध में उल्लिखित विवरण**

**उन ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण जो अभी ऑप्टिकल फाइबर से नहीं जोड़ी जा सकी हैं:**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | बीएचक्यू सहित ग्राम पंचायतों की संख्या | ओएफसी से जोड़े गए ग्राम पंचायतों की संख्या | जोड़े जाने के लिए शेष ग्राम पंचायतों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 67 | 24 | 43 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13518 | 4067 | 9451 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 745 | 565 | 180 |
| 4 | असम | 2979 | 1622 | 1357 |
| 5 | बिहार | 8893 | 7852 | 1041 |
| 6 | चंडीगढ़ | 13 | 13 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 10158 | 4559 | 5599 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 21 | 21 | 0 |
| 9 | दमन और दीव | 18 | 18 | 0 |
| 10 | गुजरात | 14311 | 8862 | 5449 |
| 11 | हरियाणा | 6204 | 6188 | 16 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 3115 | 241 | 2874 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर, लद्दाख | 3100 | 368 | 2732 |
| 14 | झारखंड | 4651 | 2670 | 1981 |
| 15 | कर्नाटक | 6268 | 6243 | 25 |
| 16 | केरल | 1129 | 1129 | 0 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 23695 | 13621 | 10074 |
| 18 | महाराष्ट्र | 28260 | 18059 | 10201 |
| 19 | मणिपुर | 664 | 376 | 288 |
| 20 | मेघालय | 971 | 356 | 615 |
| 21 | मिजोरम | 275 | 130 | 145 |
| 22 | नगालैंड | 922 | 656 | 266 |
| 23 | ओडिशा | 7070 | 4087 | 2983 |
| 24 | पुडुचेरी | 101 | 101 | 0 |
| 25 | पंजाब | 12934 | 11210 | 1724 |
| 26 | राजस्थान | 10109 | 8765 | 1344 |
| 27 | सिक्किम | 207 | 41 | 166 |
| 28 | तमिलनाडु | 12909 | 0 | 12909 |
| 29 | तेलंगाना | 13421 | 2047 | 11374 |
| 30 | त्रिपुरा | 905 | 817 | 88 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 56211 | 31977 | 24234 |
| 32 | उत्तराखंड | 7531 | 1529 | 6002 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 3708 | 2454 | 1254 |
| | कुल | **255083** | **140668** | **114415** |

**'भारतनेट परियोजना' के बारे में लोक सभा के दिनांक 20 नवम्बर, 2019 के तारांकित प्रश्न सं. *50 के भाग (घ) के संबंध में उल्लिखित विवरण**

भारतनेट परियोजना के तहत संवितरित/उपयोग की गई राशि का विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | **संवितरण/उपयोग (करोड़ में)** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 15.22 |
| 2 | असम | 155.1 |
| 3 | बिहार | 573.62 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 939.22 |
| 5 | हरियाणा | 409.65 |
| 6 | जम्मू और कश्मीर, लद्दाख | 72.27 |
| 7 | कर्नाटक | 618.01 |
| 8 | केरल | 66 |
| 9 | महाराष्ट्र | 1976.12 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 1506.53 |
| 11 | पंजाब | 575.38 |
| 12 | राजस्थान | 774.8 |
| 13 | उत्तर प्रदेश (पूर्व) | 961.94 |
| 14 | उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 599.26 |
| 15 | उत्तराखंड | 200.72 |
| 16 | पश्चिम बंगाल | 365.33 |
| 17 | सिक्किम | 51.78 |
| 18 | पुडुचेरी | 4.96 |
| 19 | अरुणाचल प्रदेश | 45.73 |
| 20 | मणिपुर | 46 |
| 21 | मेघालय | 67.23 |
| 22 | मिजोरम | 34.35 |
| 23 | नगालैंड | 74.1 |
| 24 | त्रिपुरा | 70.76 |
| 25 | गुजरात, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव | 1631.52 |
| 26 | लक्षद्वीप | 0.1 |
| 27 | तेलंगाना | 310.73 |
| 28 | ओडिशा | 479.86 |
| 29 | झारखंड | 349 |
| 30 | हिमाचल प्रदेश | 80.25 |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 530.33 |
| 32 | तमिलनाडु | 121.45 |
| 33 | चंडीगढ़ | 0.01 |
| | जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और ओएफसी (ऑप्टिकल फाइबर केबल) | 813.87 |
| | चरण-II के लिए बीएसएनएल को दिया गया एडवांस | 3165 |
| | कुल | **17686.2** |

*****